अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
अन्सारी नगर, नई दिल्ली-११००२९ (भारत)
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
ANSARI NAGAR, NEW DELHI - 110029 (INDIA)

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्

फा.सं.5-1/2026-हिं.अ.

दिनांक/Dated : 14.09.2026

# संदेश

राजभाषा के प्रति सम्मान एवं सरकारी कार्य में हिंदी का प्रयोग लगातार बढ़ते रहने के संकल्प के तौर पर हम प्रति वर्ष 14 सितम्बर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाते आ रहे हैं। हिंदी एक सरल, समृद्ध और सशक्त भाषा है। हिंदी हमारी पहचान, हमारी संस्कृति और हमारे संस्कारों की सच्ची भाषा है। हम न केवल अपने दैनिक जीवन में, आपसी बातचीत में बल्कि अपने कार्यालय के सरकारी काम-काज में भी हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें।

हिंदी को राजभाषा का असली दर्जा प्रदान करने के लिए यह जरूरी है कि हम सभी सरकारी काम-काज में हिंदी का प्रयोग करने में आने वाली समस्याओं के कारणों का पता लगाएं, उन्हें दूर करने का प्रयास करें और संस्थान में हिंदी के प्रयोग के लिए उपयुक्त वातावरण बनाएं।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली देश का एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान है जो चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान एवं रोगी उपचार के माध्यम से देश में सबको सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा उपचार प्रदान करने हेतु समर्पित है। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि हम अपने संस्थान में आने वाले रोगियों और आम जन हेतु स्वास्थ्य संबंधी सूचनाओं एवं जानकारियों का हिंदी माध्यम से प्रचार-प्रसार करके हिंदी को विश्व भाषा का गौरव प्रदान कराने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। इसकी शुरूआत संस्थान द्वारा काफी पहले से ही जन-व्याख्यानों के माध्यम से की जा चुकी है।

आइए, आज इस शुभ अवसर पर, हम सब यह संकल्प लें कि हम अपने सरकारी काम-काज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करेंगे एवं हिंदी को और अधिक समृद्ध तथा सशक्त बनाएंगे।

हिंदी दिवस की आप सबको हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिन्द!

निखिल टंडन

(प्रो. निखिल टंडन)
निदेशक

दूरभाष : २६५८८५००, २६५८८७०० Telephones : 26588500, 26588700 फैक्स : २६५८८६४१, २६५८८६६३ Fax : 26588641, 26588663